हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, बुधवार 4 फरवरी 2026

तापमान

अधिकतम 21.5 डिग्री
न्यूनतम 7.5 डिग्री

11 विज्ञान प्रदर्शनी में शिवांगी का पृथ्वी बचाओ मॉडल रहा अव्वल



12 खड़े ट्रक में घुसी कैंटर चालक की दर्दनाक मौत, तीन गंभीर रूप से घायल, हाइवे पर लगा लंबा जाम



## खबर संक्षेप

### हाथ सेंकते समय झुलसी महिला ने दम तोड़ा

**रेवाड़ी।** सुठानी में गत 24 जनवरी को हाथ सेंकते समय साड़ी में आग लगने से झुलसी महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मूल रूप से बिहार के लालगंज की रहने वाली 46 वर्षीय फूलन देवी अपने परिवार के साथ सुठानी गांव में रह रही थी। आग पर हाथ सेंक रही थी। उसकी दौरान वह साड़ी में आग लगने से वह 80 प्रतिशत तक झुलस गई थी। परिजनों ने आग बुझाकर उसे अस्पताल में दाखिल कराया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद कसोला पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों के हवाले कर दिया।

### महिला से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रोहड़ाई पुलिस ने महिला से छेड़छाड़ के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस शिकायत में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने ही गांव के व्यक्ति पर छेड़छाड़ करने और धमकी देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ गत 31 जनवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी शुभराम को गिरफ्तार कर लिया। उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### एक्साइज एक्ट के तहत एक आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत दर्ज दो मामलों में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम की उल्लंघना करने के संदर्भ में गत वर्ष 15 दिसंबर और बीते 10 जनवरी को राजस्थान के शील गांव में रह रहे मूल रूप से पलवल के खेड़ली निवासी मिर्जा के खिलाफ अलग-अगल अभियोग दर्ज किए थे। दोनों मामलों में आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी मिर्जा को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सदर थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर हाल ही में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने भगवानपुर निवासी अनिल को गिरफ्तार किया है। पीड़ति ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने मारपीट में प्रयुक्त क्रूजर गाड़ी भी अपने कब्जे में ली है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### अपहरण मामले का आरोपी रिमांड पर

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने वर्ष 2024 में दर्ज अपहरण के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति पक्ष की शिकायत के आधार पर यूपी के गोपालपुरा निवासी सतेंद्र प्रताप के खिलाफ 11 मार्च 2024 को अपहरण का केस दर्ज किया था। केस दर्ज होने के बाद से ही आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अदालत में पेश करने के बाद आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

**जाटूसाना।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वर्ष 2024 में विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। पुलिस ने गत वर्ष 15 सितंबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

*नागरिक अस्पताल को ट्रामा सेंटर से जोड़ने वाले एफओबी की लिफ्ट का पूरा हो चुका कार्य*

# मरीजों व दिव्यांगों को एफओबी में लिफ्ट सुविधा मिलने में अभी और इंतजार, खामियां दूर होने पर दौड़ेगा करंट

### पैदल नागरिकों के लिए सुगम हो चुका सफर

हरिभूमि ▶▶| रेवाड़ी

नागरिक अस्पताल को ट्रामा सेंटर को जोड़ने वाले फुट ओवरब्रिज डेढ साल पहले बनकर तैयार हो चुका है। एफओबी में मरीजों व दिव्यांगों के लिए लिफ्ट लगाने का कार्य भी पूरा हुए 9 माह से अधिक का समय हो चुका है, लेकिन कुछ खामियों के कारण लिफ्ट में अभी करंट दौड़ना शुरू नहीं हुआ है। हांलाकि अस्पताल में आने वाले लोग व नागरिक अस्पताल स्टाफ फुट ओवरब्रिज से पैदल आवागमन कर रहे है, लेकिन लिफ्ट का कार्य अटका होने ये लोगों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। एफओबी के बनने से ट्रामा से नागरिक अस्पताल में जाने के लिए पैदल नागरिकों के लिए तो सफर तो काफी सुगम हो गया है। लिफ्ट चालू न होने से ट्रामा सेंटर से मरीजों व डेडबॉडी को अभी भी सरकुलर रोड से स्ट्रेचर पर ही शिफ्ट किया जा रहा है। सिविल सर्जन डा. नरेन्द्र दहिया ने बताया कि अभी एफओबी को हैंडओवर नहीं लिया गया है। सिविल अस्पताल की कमेटी को निरीक्षण के दौरान लिफ्ट के कार्य में कुछ कमी मिली थी, जिसको लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग को अवगत करा दिया गया है।

लिफ्ट चालू न होने से ट्रामा सेंटर से मरीजों व डेडबॉडी को अभी भी सरकुलर रोड से स्ट्रेचर पर ही शिफ्ट किया जा रहा है। सिविल सर्जन डा. नरेन्द्र दहिया ने बताया कि अभी एफओबी को हैंडओवर नहीं लिया गया है।



रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल साइड एफओबी की बंद लिफ्ट। फोटो : हरिभूमि

#### जल्द ही लोगों को लिफ्ट की सुविधा मिलेगी



सिविल अस्पताल की कमेटी को निरीक्षण के दौरान लिफ्ट के कार्य में कुछ कमियां मिली थी, जिसको लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग की टेक्निकल विंग को अवगत कराया दिया गया है। कमियां दूर होने पर जल्द ही लोगों को लिफ्ट की सुविधा मिल पाएगी।
-डा. नरेन्द्र दहिया, सीएमओ रेवाड़ी।

#### रोजाना दो हजार के करीब ओपीडी

नागरिक अस्पताल में मल्टी स्पेशियलिटी नए भवन को 2017 में शुरू किया गया था। नया भवन बनने के बाद अस्पताल में ओपीडी भी काफी बढ़ गई है। नागरिक अस्पताल में रोजाना 1800 से 2000 लोगों की ओपीडी ली जा रही है। सरकुलर रोड के एक तरफ ट्रामा सेंटर व दूसरी तरफ नागरिक अस्पताल है। टैफिक की समस्या को लेकर एफओबी का निर्माण किया गया, लेकिन एफओबी बनने के बाद भी लोगों को पूरी सुविधा नहीं मिल पाई है। लिफ्ट चालू नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।



#### मरीजों व दिव्यांगों को नहीं मिली सुविधा

एफओबी पर ट्रामा सेंटर व नागरिक अस्पताल के दोनों ओर दो-दो लिफ्ट तैयार हो चुकी है। एक लिफ्ट में स्ट्रेचर से मरीजों को शिफ्ट किया जाएगा तथा दूसरी लिफ्ट दिव्यांगों व अन्य मरीजों के लिए रहेगी। बाकी लोग स्टेयर्स का इस्तेमाल करके ट्रामा सेंटर व नागरिक अस्पताल में आवागमन कर सकते है। 2019 में फुट ओवरब्रिज को मंजूरी के बाद 2023 में एफओबी का कार्य शुरू हो गया था। नागरिक अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर के बीच शहर का प्रमुख सरकुलर रोड पड़ता है। ट्रॉमा सेंटर में उपचार के बाद भर्ती करने के लिए मरीजों को नागरिक अस्पताल में शिफ्ट करना पड़ता है। मौत होने की स्थिति में शवों को भी ट्रामा सेंटर से अस्पताल ले जाया जाता है। लिफ्ट नहीं लगने से मरीजों व शवों को ट्रैफिक के बीच स्ट्रेचर से नागरिक अस्पताल में शिफ्ट किया जा रहा है।

## डाकघर आरडी की रकम हड़पने का आरोपी काबू



आरोपी विनोद कुमार।

**रेवाड़ी।** डाकघर में आरडी खोलकर किश्तों के पैसे हड़पने के मामले में थाना खोल पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। एसपी को दर्ज शिकायत में डहीना निवासी विधवा महिला पुष्पा देवी ने बताया था कि उसने 21 नवंबर 2020 को डाकघर में आरडी खाता खुलवाया था। पायल व संतरा देवी डाकघर की एजेंट हैं। आरडी के पैसे पायल का पति विनोद कुमार लेकर जाता था। विनोद कुमार ने उससे लिए किश्तों के 2.30 लाख रुपये खाते में जमा नहीं कराए। उसने 2 अक्टूबर 2025 को डहीना पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी। चौकी इंचार्ज ने उसका आरडी खाता खुलवाते हुए शेष रकम 6 माह में दिलाने का आश्वासन दिया था, परंतु उसे राशि वापस नहीं दी गई। एसपी के आदेश पर थाना खोल पुलिस ने गत वर्ष 28 अकटूबर को केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में आरोपी डहीना निवासी विनोद कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

## कबाड़ी की दुकान में चोरी करने के दो आरोपी चढ़े हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गत वर्ष 27 दिसंबर की रात चांदावास बस स्टैंड पर एक दुकान का मेन गेट तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। पुलिस को दर्ज शिकायत में चांदावास निवासी रामनिवास ने बताया था कि उसने गांव के बस स्टैंड पर कबाड़ी की दुकान की हुई है। वह 27 दिसंबर को दुकान बंद करने के बाद घर चला गया था। अगले दिन सुबह दुकान पर पहुंचा तो मेन गेट टूटा हुआ मिला। दुकान के अंदर जाकर देखा तो 2 कट्टे तांबे के तार, बाइकों के खराब इंजन व अन्य सामान गायब मिला। आसपास की दुकानों के



सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर दिल्ली नंबर की कार में आए दो युवक चोरी करते हुए नजर आए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद फुटेज के आधार पर जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में जैनाबाद गांव में रह रहे मूल रूप से गुरुग्राम के जनौला निवासी रामगोपाल और जैनाबाद निवासी पवन कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया है।

# स्कूल बस से टकराकर कार पलटी, चालक सहित दो की मौके पर मौत, बाद में बस पेड़ से टकराई

- स्कूल बस चालक भी हादसे में घायल, बच्चों में मची चीख : पुकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मंगलवार दोपहर बाद शाहजहांपुर रोड पर मोहनपुर गांव के पास तेज रफ्तार ओरा कार स्कूल बस से टकराने के बाद पलट गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार सवार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। कार को बचाने के चक्कर में स्कूल बस पेड़ से टकरा गई, जिससे बच्चों में चीख-पुकार मच गई। बस चालक हादसे में घायल हो गया, जबकि कुछ बच्चों को भी मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलने के बाद





रेवाड़ी। दुर्घटना में क्षतिग्रस्त स्कूल बस व कार, दुर्घटना के बाद मौके पर कार्रवाई करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। जैतड़ावास निवासी लगभग 25 वर्षीय सचिन और उसका दोस्त 22 वर्षीय नितिन उर्फ जितेंद्र दोनों रिश्तेदार की ओरा कार लेकर जयपुर की ओर गए थे। वापस आते समय जब कार मोहनपुर के निकट एक प्राइवेट स्कूल के पास पहुंची, तो स्कूल बस बच्चें को घर छोड़ने के लिए स्कूल से बाहर निकल रही थी। इसी दौरान कार बस से टकराकर पलट गई। स्कूल बस चालक ने कार को बचाने का पूरा प्रयास किया, जिससे बस पेड़ से टकरा गई। बच्चों में चीख-पुखार मच गई। आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत कार में फंसे दोनों युवकों के साथ-साथ स्कूल बस से बच्चों को बाहर निकाला। दोनों युवकों को गंभीरावस्था में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही बावल थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्कूली बच्चों को फर्स्ट एड के बाद दूसरी बस से घर भेज दिया गया। बस चालक को अस्पताल में दाखिल कराया गया है। बाद में पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मार्चरी में रखवा दिया।

#### मां-बाप का इकलौता बेटा था नितिन

नितिन उर्फ जितेंद्र अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था। उसकी मौत से परिवार का चिराग बुझ गया। वह अविवाहित था। सचिन दो भाइयों में छोटा है। वह शादीशुदा था। उसके एक लड़का और एक लड़की हैं। दोनों दोस्तों की मौत का समाचार सुनते ही गांव में मातम छा गया। बड़ी संख्या में गांव के लोग दोनों मृतकों के घर पहुंच गए। परिजनों को ढांढस बढ़ाते रहे। शवों का पोस्टमार्टम बुधवार को कराया जाएगा।

*मंत्री आरती सिंह राव ने उनकी मांग को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया*

## विधायक ने बावल सीएचसी को उपमंडल नागरिक अस्पताल बनाने की मांग की

- बावल में नागरिक अस्पताल नहीं होने से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

विधायक डा. कृष्ण कुमार ने बावल में उपमंडल स्तरीय नागरिक अस्पताल बनाने की मांग को लेकर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने मुलाकात की। विधायक ने बावल सामुदायिक केंद्र को नागरिक अस्पताल का दर्जा देने का सुझाव दिया। मंत्री आरती सिंह राव ने उनकी मांग को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।



रेवाड़ी। स्वास्थ्य मंत्री से मिलते बावल विधायक।

विधायक डा. कृष्ण कुमार ने बताया कि बावल में औद्योगिक क्षेत्र होने के साथ-साथ आबादी भी बढ़ गई है।

#### विकास कार्यों को लेकर चर्चा की

इसके अलावा नेशनल हाईवे सहित अन्य सड़कों पर वाहनों की आवाजाही अधिक होने के चलते दुर्घटना होने पर सीएचसी से घायल को रैफर करना पड़ता है। बावल में नागरिक अस्पताल नहीं होने से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए सीएचसी को उपमंडल नागरिक अस्पताल बनाने की मांग की। विधायक ने इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री से बावल के विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने उपमंडल नागरिक अस्पताल सहित अन्य मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।

## परिवार से अलग रह रहे व्यक्ति की संदिग्ध हालत में मौत

**रेवाड़ी।** बास बटौड़ी गांव में घर में अकेले रह रहे करीब 60 वर्षीय वृद्ध की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाकर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। गांव निवासी महाराम का लड़का बावल की एक कंपनी में नौकरी करता है। वह वहीं पर किराए का कमरा लेकर अपनी मां के साथ रहता है। महाराम गांव में ही अपने मकान के कमरे में अकेला रह रहा था। मंगलवार को वह देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो आसपास के लोगों को संदेह हो गया। उसका कमरा अंदर से बंद था। कमरे में झांकने पर महाराम मृतावस्था में नजर आया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल पाएगा।

## जेवर गिरवी रखकर 15 लाख का चूना लगाने का आरोपी काबू

### आठ लाख रुपये नकदी बरामद



- पुलिस ने उसकी शिकायत पर गत वर्ष 30 दिसंबर को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी

रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी पिया कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीआईए ने गत वर्ष मंदोला के एक व्यक्ति के पास नकली जेवर गिरवी रखकर 15 लाख रुपये का चूना लगाने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से ठगी के 8 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस को दर्ज शिकायत में मंदोला निवासी सत्यनारायण ने बताया कि उसने गांव में घर पर ही कपड़ों की दुकान की हुई है। उसकी दुकान पर खुद को राजस्थान के मंडोली निवासी गोपाल मिस्त्री बताने वाला व्यक्ति सामान खरीदने के लिए अक्सर आता रहता था। गत वर्ष 1 दिसंबर को उसने बताया कि उसके बच्चे को कैंसर है। उसे इलाज के लिए पैसों की जरूरत है। उसे लगा कि वह झूठ बोल रहा है। इसके बाद अगले दिन वह मेडिकल के कागजात साथ लेकर आया। उसने बताया कि उसके पास पूर्वजों के जेवरात है। वह उन्हें गिरवी रखकर पैसे दे सकता है। इसके बाद उसने एक माला दिखाई। उसके दो मणिए निकालकर चेक कराने को कहा। जब उसने मणिए सुनार को चेक कराए तो वह असली पाए गए। उसने विश्वास करते हुए उसे रेवाड़ी आकर 15 लाख रुपये दे दिए। बाद में उसके बच्चों ने बताया कि ऐसे लोग फ्रॉड करते हैं, इसलिए उसने गहनों की जांच कराई। जांच में गहने नकली पाए गए। गोपाल से संपर्क करने का प्रयास किया तो उसने फोन उठाकर रॉन्ग नंबर बताते हुए फोन काट दिया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर गत वर्ष 30 दिसंबर को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद सीआईए ने इस मामले में राजस्थान के बिबलसर निवासी पिया कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 8 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

*पैतृक गांव में राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार, उमड़ा जनसैलाब*

# एयरफोर्स के जवान का हार्ट अटैक से निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जड़थल निवासी एयरफोर्स के जवान की एक दिन पूर्व जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से मौत हो गई। उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचने के बाद राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव निवासी विजय सिंह के बेटे साहिल भारतीय वायु सेना में थे। वह इस समय जम्मू-कश्मीर के अवंति कुंज एयर बेस में तैनात थे। बीते सोमवार को हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया। उनके निधन का समाचार सुनते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण




रेवाड़ी। मृतक जवान साहिज का फाईल फोटो व जवान की अंतिम यात्रा में शामिल अधिकारी व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार सुबह उनके घर पर एकत्रित हो गए। वह शहीद का पार्थिव शरीर आने का इंतजार करते रहे। बाद में शहीद को 21 तोपों की सलामी के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों और क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों ने हिस्सा लिया।

## कमरे में मृत मिला कंपनी कर्मचारी हार्ट अटैक से मौत की आशंका

**रेवाड़ी।** जोनियावास में किराए के कमरे में रहे रहे मूल रूप से बिहार निवासी कंपनी कर्मचारी का शव उसके कमरे से बरामद हुआ है। उसकी मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है। पुलिस ने मौत के कारणों की जांच के लिए शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। मूल रूप से बिहार के गांव खरोनी निवासी अमीरचंद जानियावास की एक कंपनी में कार्यरत था। वह चंदन के मकान में किराए के कमरे में रह रहा था। दो दिन से वह किसी का फोन नहीं उठा रहा था। उसके लड़के ने बार-बार प्रयास करने के बाद मकान मालिक से फोन पर बात की। इसके बाद मकान मालिक ने कमरे में जाकर देखा तो अमीरचंद मृतावस्था में पड़ा मिला। मकान मालिक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर ही बुलाया गया। टीम ने डेड बॉडी का मुआयना किया तो किसी प्रकार के निशान नहीं मिले। पुलिस ने आशंका जताई है कि उसकी मौत हार्ट अटैक के कारण हुई होगी। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल पाएगा।



## पहली बार सफेद बालों और मूछों में दिखे अनिल कपूर

**मुंबई।** अनिल कपूर बॉलीवुड के एवरग्रीन एक्टर कहे जाते हैं। 69 साल की उम्र में भी अनिल कपूर बेहद हैंडसम और फिट हैं। इस बीच अभिनेता अपने नए लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया है। सोशल मीडिया पर वह अक्सर फैंस के साथ अपने फिटनेस वीडियो भी शेयर करते हैं। हाल ही में अनिल कपूर ने अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया। उसमें वह सफेद बालों और मूछों में नजर आ रहे हैं और पोज दे रहे हैं। ये तस्वीर शेयर करते हुए अनिल कपूर ने कैप्शन में लिखा- 'कोई नहीं जानता.... आगे क्या होने वाला है।'

लाइफ Style



## तापसी एक बार फिर कोर्टरूम में

तापसी पन्नू एक बार फिर कोर्टरूम जॉनर में वापसी के लिए तैयार हैं। इस बार वह निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ आने वाली इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी। दमदार मोशन पोस्टर से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, निर्माताओं ने फिल्म को सीधे दर्शकों तक ले जाने की शुरुआत कर दी है और इसकी शुरुआत जयपुर में एक खास ऑन-ग्राउंड शोकेस से हुई।

एजेंसी ▶▶ जयपुर

फिल्म की अनोखी प्रमोशनल स्ट्रेटेजी के तहत, तापसी पन्नू ने जयपुर मीडिया के साथ एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की, वहीं टीम ने साथ ही बड़े पर्दे पर अस्सी का ट्रेलर भी दिखाया। अभिनेत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ ट्रेलर देखा, पत्रकारों, फैंस और डिजिटल क्रिएटर्स से सीधे संवाद किया और फिल्म तथा उसके सशक्त विषय पर अपने विचार साझा किए। अस्सी के मोशन पोस्टर ने अपने सख्त टोन और तात्कालिक संदेश के कारण पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी थी, जिसने एक हार्ड-हिटिंग सिनेमैटिक अनुभव की मजबूत नींव रखी। जयपुर दौरे ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जहां दर्शकों ने फिल्म के तीव्र कोर्टरूम माहौल और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानी को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेज रफ्तार इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के रूप में पेश की जा रही अस्सी, एक बिल्कुल नए तरह के कोर्टरूम ड्रामा के जरिए आगे बढ़ती है, जो देश में रोज़ाना दर्ज होने वाले लगभग अस्सी यौन उत्पीड़न मामलों की भयावह सच्चाई से प्रेरित है। फिल्म को एक अर्जेंट वॉच के तौर पर पोज़िशन किया जा रहा है, जो मजबूत महिला नायिकाओं के नेतृत्व में सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियों के लिए बढ़ती दर्शक रुचि को दर्शाता है।

हॉलीवुड मसाला



## 'द डेविल वियर्स...' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** फरवरी 2026 की शुरुआत एक जबरदस्त खबर के साथ हुई है। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द डेविल वियर्स प्रादा 2' का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 2006 की कल्ट क्लासिक फिल्म का यह सीक्वल करीब दो दशक बाद मेरिल स्ट्रीप, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट की आइकॉनिक तिकड़ी को पर्दे पर वापस ला रहा है। ट्रेलर में, फैशन मैगज़ीन रनवे की एडिटर-इन-चीफ मिरांडा प्रीस्टली, मुश्किल में फंसे प्रिंट मीडिया सेक्टर में अपने एंटरप्राइज़ को फिर से ज़िंदा करने की कोशिश करेंगी।




## केट के बेटे एंडर्स ने रखा अभिनय की दुनिया में कदम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री केट विंसलेट के 22 वर्षीय बेटे जो एंडर्स भी अब अभिनय की दुनिया में कदम रख रहे हैं। जो एंडर्स के पिता केट के पूर्व पति सैम मेंडेस हैं। जो नई सीरीज 'केप फियर' में काम कर रहे हैं। केट ने बताया कि बेटे के इस दौर में वह उसे पूरा सहारा दे पा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका बेटा अभी उसी "री-एंट्री" के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में मां होने का एहसास फिर से बहुत गहराई से जाग जाता है। उन्होंने बताया कि वह बेटे को अच्छे खाने, सैर करने और आराम करने के लिए प्रेरित करती हैं। अगर बात करने का मन न हो या पूरा दिन बिस्तर में रहना चाहें, तो वह भी बिल्कुल ठीक है। केट का मानना है कि कभी-कभी कुछ न करना भी ठीक होता है और खुद को इसके लिए दोषी महसूस नहीं करना चाहिए।



## मैं कभी हार नहीं मानूंगी : पायल

**हैदराबाद।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री की उभरती एक्ट्रेस पायल राजपूत ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी के साथ अपने मजबूत इरादे को जाहिर किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कभी हार नहीं मानेंगी। पायल ने स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में कुछ लोग उन्हें एक्टिंग छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे दृढ़ हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, वे चाहते हैं कि मैं छोड़ दूं, और मैं खुद से सवाल करती हूं कि क्या मुझे ऐसा करना चाहिए। लेकिन फिर मैं पिछले 12 सालों में की गई कड़ी मेहनत के बारे में सोचती हूं। इसलिए मैं खुद से कहती हूं नहीं, मैं फेल हो सकती हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगी। पायल ने लिखा कि एक्टर बनना सबसे मुश्किल करियर में से एक है।




## 'धुरंधर-2' का धमाकेदार टीजर आउट...

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधरः द रिवेंज' का ऑफिशियल टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर का सोशल मीडिया पर धमाल देखने को मिला। पहले पार्ट की जबरदस्त सफलता के बाद यूजर्स इस सीक्वल के लिए उत्साहित नजर आए। टीजर करीब 1 मिनट 12 सेकंड लंबा है, जिसमें रणवीर सिंह का इंटेंस और खूंखार लुक सामने आया है। वह दो अलग-अलग किरदारों में नजर आ रहे हैं, जिसमें गोलीबारी, मारकाट और हाई-वोल्टेज एक्शन से भरपूर सीन हैं। टीजर की लाइन खास तौर पर चर्चा में है-"ये नया हिंदुस्तान है, घर में घुसेगा भी और मारेगा भी।" फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर ने पहले पार्ट की तरह ही इस सीक्वल में भी एक्शन, थ्रिलर और इमोशनल ड्रामा का शानदार मिश्रण किया है।

## नए गाने की तैयारी में जुटी

*मुंबई। भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह अपने प्रोजेक्ट और सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। अभिनेत्री ने नए गाने का संकेत देते हुए तस्वीर शेयर की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इसमें वे हाथ में कप लिए हुए, कंडेसर माइक्रोफोन के सामने खड़ी दिख रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट कर लिखा, रोज थोड़ा बेहतर बनने और सीखने की कोशिश।" अक्षरा की तस्वीर देख फैंस नए प्रोजेक्ट आने का अंदाजा लगा रहे हैं। उनका कहना है कि यह किसी नए गाने या म्यूजिक प्रोजेक्ट का संकेत हो सकता है। अक्षरा का नाम भोजपुरी सिनेमा में उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने अपनी एक्टिंग और गायिकी से लाखों दिल जीते हैं। उनके गाने दर्शकों के बीच खूब पसंद किए जाते हैं। वहीं, अभिनेत्री भी किसी खास मौके से पहले गाना जरूर रिलीज करती हैं। अभी हाल ही में अक्षरा का एक नया गाना 'बालम जी' रिलीज हुआ था और इसे दर्शक भी काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री ने साल 2010 में रवि किशन के साथ फिल्म 'सत्यमेव जयते' से शुरुआत की थी। अक्षरा 'बिग बॉस ओटीटी' समेत 'सर्विस वाली बहू', 'पोरस',*



## अपारशक्ति और तुलसी का गाना 'निक्की निक्की

*टी-सीरीज अपने प्रशंसकों के लिए अक्सर मजेदार गाने पेश करता रहता है। टी-सीरीज ने मंगलवार को अपने दर्शकों के लिए रोमांटिक सॉन्ग 'निक्की निक्की गल' रिलीज किया। इस गाने में एक बार फिर से अपारशक्ति खुराना और तुलसी कुमार की जुगलबंदी देखने को मिल रही है। गाने को दोनों ने मिलकर अपनी आवाज में गाया है और एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। वहीं, साक्षी रत्ती ने गाना लिखने के साथ इसका संगीत भी तैयार किया है।*



**मुंबई।** टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने की जानकारी देते हुए एक क्लिप शेयर की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, थोड़ी सी नाराजगी पर बहुत सारा प्यार। 'निक्की निक्की गल' गाना अब रिलीज हो गया है। गाने की कहानी बहुत प्यारी है। इसमें छोटी-छोटी बातों पर होने वाली नाराजगी को प्यार से सुलझाने की बात पर जोर दिया गया है। अपारशक्ति खुराना गाने में तुलसी कुमार को प्यार भरे अंदाज में समझाते नजर आते हैं कि छोटी नाराजगी पर इतना गुस्सा

## फिल्मी दुनिया के शुरुआती दिन बेहद कठिन

**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में कई कलाकार ऐसे होते हैं, जो कैमरे के सामने तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन उनके भीतर एक लड़ाई चल रही होती है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर 2' के जरिए चर्चा में आई अभिनेत्री मेधा राणा भी उन्हीं कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपने अंदर चल रहे सवालों, असमंजस और आत्मसंदेह की जंग को जीतकर अपने ऊपर भरोसा करना सीखा और इस मुकाम तक का सफर तय किया। उन्होंने अपने जीवन में आए बदलावों पर बात की। मेधा राणा ने कहा, 'साल 2022 से लेकर अब तक उनके भीतर सबसे बड़ा बदलाव आत्मस्वीकृति और आत्मविश्वास का रहा है। मेधा ने कहा, 'जब मैंने मनोरंजन जगत में काम करना शुरू किया, तो



## इंडस्ट्री में कोई किसी का फ्रेंड नहीं: शुभांगी

मुंबई। टेलीविजन की मशहूर शुभांगी अत्रे इन दिनों आगामी फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में फ्रेंडशिप को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। शुभांगी ने कहा कि इस इंडस्ट्री में कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है। शुभांगी ने कहा, देखिए, यहां पर कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है, क्योंकि यहां पर लोगों में कॉम्पीटिशन और एक दूसरे को लेकर इंसीक्योरिटी बहुत ज्यादा है। जब एक शो चलता है, तब आप बहुत अच्छे दोस्त होते हैं, लेकिन जैसे ही आप उस शो से निकलते हैं, वो रिश्ते पीछे छूट जाते हैं। फिर आप अपनी जिंदगी की एक नई यात्रा शुरू करते हैं। मुझे लगता है कि एक एक्टर होने की सबसे अच्छी बात ये है कि आप खुद को लगातार खोजते और समझते रहते हैं। शुभांगी ने कहा, इसलिए यहां बेस्ट फ्रेंड जैसा कोई कॉन्सेप्ट नहीं है। हां, इतना जरूर है कि जब तक हम साथ काम करते हैं, तब हम एक परिवार की तरह रहते हैं।



भारतीय कलाकारों ने दिखाई मजबूत दावेदारी

## ग्रैमी अवॉर्ड में पुरस्कार से चूके भारतीय

*लॉस एंजिल्स। संगीत जगत के ऑस्कर के नाम से मशहूर ग्रैमी अवॉर्ड्स के 68वें सीजन का आयोजन लॉस एंजिल्स में हुआ। इस बार कई भारतीय कलाकारों ने अपनी मजबूत दावेदारी दिखाई। हालांकि, वे पुरस्कार पाने में असफल रहे। इस बार ग्रैमी में कोई भी भारतीय कलाकार जीत नहीं सका। हालांकि, भारत का ग्रैमी इतिहास गौरवशाली रहा है। पंडित रवि शंकर से लेकर उस्ताद जाकिर हुसैन तक कई महान कलाकारों ने यह सम्मान अपने नाम कर भारत का परचम लहराया है।*

### अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर रचा इतिहास

साल 2026 में भारतीय दावेदारों को जीत नहीं मिली, जबकि नामांकन सूची में तीन भारतीय नाम शामिल थे। पंडित रवि शंकर की बेटी और सितार वादक अनुष्का शंकर को ग्रैमी में दो नामांकन मिले थे। उनको सहयोगी ईपी चैप्टर आईआईआई वी रिटर्न टू लाइट को आलम खान और सरथी कोरवार के साथ बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक डेब्रेक को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में नॉमिनेशन मिला था। अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर इतिहास रचा, लेकिन दोनों श्रेणियों में वे जीत से चूक गईं।

### चारू सूरी का पहला नामाकंन

ग्रैमी नॉमिनेशन में इंडो-अमेरिकी जैज पियानिस्ट चारू सूरी का नाम भी शामिल रहा। उन्होंने पहली बार नामांकन हासिल किया। उनका एल्बम श्यान बेस्ट कंटेम्परेरी



इंस्ट्रुमेंटल एल्बम में शामिल था। इसके साथ ही फ्यूजन बैंड शक्ति (शंकर महादेवन, जॉन मैकलॉघलिन, गणेश राजगोपालन और वी. सेल्वागणेश के बैंड) को दो नामांकन मिले। उनका लाइव एल्बम माइंड एक्सप्लोसन बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक शेरनी ड्रीम बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में था। शक्ति ने पहले भी ग्रैमी जीते हैं, लेकिन इस बार सफलता नहीं मिली।

### भारतीय संगीत की बढ़ती ताकत

सिद्धांत भाटिया का एल्बम साउंड ऑफ महाकुंभ भी बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में नामांकित था, जो

## खबर संक्षेप

### कैंसर जागरूकता कार्यक्रम 4 को

**रेवाड़ी।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से विभिन्न प्रकार के कैंसर से बचाव और जागरूकता के उद्देश्य से केएलपी कॉलेज के सभागार में 4 फरवरी को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एसोसिएशन की प्रधान डा. नीरज यादव ने बताया कि कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम व आईएमए के सभी सदस्य मौजूद रहेंगे।

### नंदलाल यादव बने कांग्रेस जिला महासचिव



**नांगल चौधरी।** भोजावास निवासी पूर्व जिला पार्षद नंदलाल यादव को जिला कांग्रेस में महासचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई है। जिसके गांव पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया तथा संगठन को संगठित करने की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया। एडवोकेट नरेश यादव, सूरत सिंह भल्ला, रमेश नंबरदार, बिक्रम सिंह, प्रहलाद पहलवान ने कहा कि नंदलाल यादव की विचारधारा कांग्रेसी रही है। उनको संगठन में जिम्मेवारी मिलने से युवाओं में उत्साह है। उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह व जिला प्रधान सतबीर झूकिया का आभार जताया। कहा कि पुराने कांग्रेसियों को सम्मान मिलने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। जल्द ही हलका स्तरीय कार्यकर्ता बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

### वरिष्ठ नागरिकों की मासिक बैठक 8 को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के संयुक्त सचिव प्रो. शिवहरि अग्रवाल ने बताया कि संगठन की मासिक बैठक 8 फरवरी को सुबह 11 बजे किला रोड स्थित संगठन कार्यालय में आयोजित की जाएगी। प्रधान दुलीचन्द शर्मा अध्यक्षता करेंगे। इसमें वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के साथ-साथ शहर की ज्वलंत समस्याओ पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### सफर सृष्टि का ग्रंथ का विमोचन 1 मार्च को

**नारनौल।** राधेश्याम गोमला की ओर से लिखित विज्ञान पुरातत्व प्रागैतिहास वैदिक संस्कृति व सामाजिक प्रमाणों से भरपूर एक तथ्यपरक ग्रंथ ''सफर सृष्टि का'' का विमोचन एक मार्च को किया जाएगा। इस बारे जानकारी देते हुए प्रकाशक डॉ. अशोक कुमार मंगलेश ने बताया कि पुस्तक सफर सृष्टि का केवल विज्ञान, इतिहास या दर्शन की ही पुस्तक नहीं है, बल्कि यह सृष्टि से मानव तक और मानव से आत्मबोध तक की एक समग्र, विचारोत्तेजक और क्रमबद्ध यात्रा है, जो आधुनिक वैज्ञानिक खोजों और प्राचीन ज्ञान परंपराओं के बीच एक सशक्त सेतु बनाती है।

### सामाजिक समरसता को गीता महायज्ञ 22 से

**महेंद्रगढ़।** मानव चेतना, मानसिक संतुलन और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अनहद शक्ति फाउंडेशन द्वारा 22 फरवरी को बाबा जयरामदास मंदिर पाली में तृतीय श्रीमद्भागवत गीता महायज्ञ आयोजित करेगा। इस आयोजन के अंतर्गत पूर्णिमा की रात्रि में गायत्री मंत्र के 21 हजार सामूहिक जाप किए गए, जिन्हें आधुनिक विज्ञान की भाषा में ध्वनि-तरंगों द्वारा मानसिक एकाग्रता, सकारात्मक ऊर्जा एवं समूह चेतना के निर्माण से जोड़ा जाता है। मंत्र जाप के दौरान उत्पन्न लयबद्ध ध्वनि, श्वसन और एकाग्रता का प्रभाव मनोविज्ञान एवं न्यूरो-साइंस में मानसिक शांति एवं तनाव-नियंत्रण से संबंधित माना जाता है। इन्हीं मंत्र कंपनाओं के माध्यम से यज्ञ-प्रसाद को गायत्री एवं श्रीकृष्ण मंत्रों से अभिमंत्रित किया गया है। अनहद शक्ति फाउंडेशन की अध्यक्ष शैलजा यादव ने बताया कि पंच महायज्ञ, सोलह संस्कार और गीता आधारित जीवन-पद्धति केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि समाज को अनुशासन, नैतिकता और उत्तरदायित्व से जोड़ने की वैज्ञानिक सामाजिक प्रणाली है।

---

### विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन देशराज शर्मा व सरपंच मीनाक्षी देवी ने किया

# विज्ञान प्रदर्शनी में शिवांगी का पृथ्वी बचाओ मॉडल रहा अव्वल




रेवाड़ी। विज्ञान प्रदर्शनी के विजेता अतिथियों के साथ।

- बाल कलाकारों ने मिट्टी के बर्तन बनाकर तालियां भी बटोरी
- प्ले स्कूल के बच्चों ने वाइल्ड एनिमल, और फ्रूट के बारे में बताया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। धारूहेड़ा**

प्रयाग सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रयाग नगर महेश्वरी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन गवर्नमेंट स्कूल के सेवानिवृत्त प्रिंसिपल देशराज शर्मा और गांव महेश्वरी की सरपंच मीनाक्षी देवी ने किया।

इस मौके पर रणधीर जिला पार्षद ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में रचनात्मक एव वैज्ञानिक सोच विकसित होती हैं। प्रदर्शनी में रॉकेट, ईवीएम मशीन, एसिड रैन, मैजिक मैथ्स, एटीएम मशीन, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, सहित भौतिक विज्ञान के 50, रसायन विज्ञान के 20, गणित के 50, सामाजिक विज्ञान और हिंदी अंग्रेजी भाषा के अनेक आकर्षक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। कुल 250 मॉडल बनाए गए। बाल कलाकारों ने मिट्टी के बर्तन बनाकर तालियां भी बटोरी। प्ले स्कूल के बच्चों ने वाइल्ड एनिमल, और फ्रूट के बारे में बताया।

विद्यार्थियो ने सभी धर्म के त्योहार मनाकर अनेकता में एकता का प्रदर्शन किया। छात्राओं ने सुंदर रंगोली बनाई। अतिथियों ने बच्चों के कार्य के सरहाना की। प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पृथ्वी बचाओ के प्रोजेक्ट को मिला, जो शिवांगी द्वारा बनाया गया, दूसरा स्थान अक्षिता के पेड़ बचाओ मॉडल तथा तीसरे स्थान पर वैष्णवी का एसिड रैन प्रोजेक्ट रहा। स्कूल संचालक केशा यादव ने सभी बाल वैज्ञानिकों को बधाई दी और अभिभावकों व अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच जोगिंद्र सिंह,देशराज सांगवान, शिवराज यादव, गोविंद सिंह, विमलेश यादव व विशाल यादव सहित स्कूल के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

---

### सभी शिक्षकों ने प्रोफेसर विजय के योगदान की सराहना की

# एमडीयू के वाणिज्य विभाग में प्रोफेसर पद पर नियुक्ति होने पर डा. विजय का किया सम्मान

- विवि के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने प्रोफेसर विजय को नई नियुक्ति के लिए बधाई दी



रेवाड़ी। प्रोफेसर विजय का सम्मान करते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। मीरपुर**

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डा. विजय हुड्डा की महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में प्रोफेसर पद पर नियुक्ति होने पर वाणिज्य विभाग एवं विश्वविद्यालय की टीचिंग एसोसिएशन की ओर से सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया।

विवि के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने प्रोफेसर विजय को नई नियुक्ति के लिए बधाई दी। वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर रविंद्र, पूर्व विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर तेज सिंह एवं प्रोफेसर अदिति शर्मा और डीन ऑफ कॉलेज प्रोफेसर दीपक गुप्ता सहित वाणिज्य विभाग के सभी शिक्षकों ने विभाग में प्रोफेसर विजय के योगदान की सराहना की।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी अनिल कुमार, टीचिंग एसोसिएशन से प्रेसिडेंट प्रोफेसर सविता श्योराण, सचिव डा. ममता अग्रवाल सहित, प्रोफेसर विकास बत्रा, प्रोफेसर रश्मि पुंडीर, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर करण सिंह, प्रोफेसर सुनील कुमार, प्रोफेसर पंकज त्यागी, प्रोफेसर समृद्धि, डा. रमेश कुमार, डा. सुमन, डा. महावीर बड़क व डा. देवेंद्र मौजूद थे।

---

# लिसान और करावरा मानकपुरा में राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय खोलने की मिली स्वीकृति



आरती राव

**रेवाड़ी।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश में आमजन को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवश्यकतानुसार नए अस्पताल और स्वास्थ्य संस्थान खोले जा रहे हैं तथा मौजूदा संस्थानों को अपग्रेड किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि रेवाड़ी जिले के गांव लिसान तथा गांव करावरा मानकपुरा में एक-एक राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन दोनों आयुर्वेदिक औषधालयों में प्रत्येक पर लगभग 50 से 60 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है। इनके स्थापित होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को अपने क्षेत्र में ही बेहतर उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में एलोपैथी के साथ-साथ आयुर्वेद, योग एवं अन्य आयुष सेवाओं के विस्तार पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

---

## बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई कार्यक्रम आयोजित



रेवाड़ी। दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने बारहवीं कक्षा के सीनियर्स को विदाई दी। विदाई समारोह में गीत, नृत्य और हास्य प्रस्तुतियों ने सबको आनंदित किया। ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सीनियर्स के लिए शानदार कार्यक्रम पेश किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य और सभी शिक्षकों ने बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

### राष्ट्रपति से सम्मानित यशपाल खोला ने प्राकृतिक खेती के महत्व व लाभों पर चर्चा की

# जैविक खेती पर्यावरण के लिए लाभदायक, किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करती : परमजीत

- डा. यशपाल शर्मा व डा. अनिल कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया



रेवाड़ी। जैविक खेती पर कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली**

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में प्राकृतिक खेती और जैविक खेती पर विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया।

राष्ट्रपति से सम्मानित यशपाल खोला ने प्राकृतिक खेती के महत्व व लाभों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रकृति में ही सभी जैविक तत्व मौजूद हैं, जिनसे हम प्राचीन तरीके अपनाकर मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाकर शुद्ध उत्पादन कर स्वस्थ समाज के निर्माण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने जीवा अमृत बनाने का तरीका बताया, जिससे प्राकृतिक खेती का उत्पादन आसानी से बढ़ाया जा सकता है। परमजीत सिंह सिसोली ने कहा कि जैविक खेती का प्रचलन तेजी से बढ़ाना होगा, जिससे विभिन्न खतरनाक बीमारियों से बचाव हो सके। जैविक खेती न केवल पर्यावरण के लिए लाभदायक है, बल्कि यह किसानों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करती है।

रीजनल सेंटर के निदेशक डा. यशपाल शर्मा व डा. अनिल कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डा. रीनू यादव, डा. प्रवेश कुमारी, डा. सोनिया यादव, डा. अंजलि यादव, डा. राकेश कुमार, डा. प्रदीप, डा. योगेन्द्र सिंह, डा. पूजा, नीलम यादव, सनिता यादव, मधु बाला, बिंदु, अंजू, निर्मला, सुशीला, सुखबीर व बीरेन्द्र उपस्थित थे।

---

### आज होंगे शुक्र उदय मांगलिक कार्यों की होगी शुरूआत

**महेंद्रगढ़।** अबकी बार मलमास हटने के बाद भी विवाह-शादियों के लिए लोगों को काफी इंतजार करना पड़ा है। इसका मुख्य कारण रहा है शुक्र ग्रह (तारे) का अस्त होना। आज से मांगलिक कार्यों पर लगा विराम हटेगा। विवाह शादियों का सिलसिला शुरू हो जाएगा और बैंड बाजा शहनाइयों की गूंज सुनने को मिलेगी। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि शुक्र ग्रह को प्रेम, विवाह, सौंदर्य और वैवाहिक सुख का कारक माना जाता है। शुक्र अस्त होते हैं, तो विवाह और अन्य शुभ कार्यों पर रोक लग जाती है। इस कारण किसी भी शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए शुक्र ग्रह का उदय रहना बहुत ही जरूरी है।

---

### सूर्य नमस्कार को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अभियान चलाया जा रहा

# विद्यार्थियों ने योग प्राणायाम व सूर्य नमस्कार का किया अभ्यास

- सूर्य नमस्कार एक समूर्ण व्यायाम है, हमे नियमित रूप से इसका अभ्यास करना चाहिए



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराते हुए। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी**

गांव गंगायचा अहीर स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में पतंजलि योग समिति ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग की ओर से आयोजित हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने योग प्राणायाम और सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। सूर्य नमस्कार को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मौलिक मुख्याध्यापक सुनील कुमार ने कहा कि सूर्य नमस्कार एक समूर्ण व्यायाम है, हमे नियमित रूप से इसका अभ्यास करना चाहिए। इस अवसर पर अध्यापक बीरेंद्र सिंह, रेखा यादव, जयवीर, मंजू देवी व सतीश कुमार सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

---

# एनएसएस शिविर में पॉलिथीन विरोधी जन-जागरूकता अभियान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़**

राजकीय महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन तीनों एनएसएस इकाइयों के स्वयंसेवकों द्वारा पॉलिथीन के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से एक जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली को महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव एवं मुख्यातिथि प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मीनारायण यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य बाजारों से होकर निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने आमजन को पॉलिथीन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने बताया कि पॉलिथीन के उपयोग से किस प्रकार जीव-जंतुओं एवं पर्यावरण को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है तथा इसके स्थान पर कपड़े से बने थैलों के उपयोग को अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। रैली के उपरांत एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा उपमंडल अधिकारी (नागरिक) कनिका गोयल को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें महेंद्रगढ़ शहर में पॉलिथीन पर नियमों के अनुसार प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया गया।

---

**प्रतियोगिता** | पूजा गुप्ता वर्ष 2020 से बोशिया खेल से सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं

# पूजा ने 10वीं राष्ट्रीय बोशिया चैंपियनशिप में गोल्ड और सिल्वर पदक पर किया कब्जा

सीमित संसाधनों और कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उन्होंने निरंतर अभ्यास और अनुशासन के बल पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई



प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त करते हुए पूजा गुप्ता।

- पूजा वर्तमान में पंजाब नेशनल बैंक में मुख्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी**

हरियाणा के रेवाड़ी की अंतरराष्ट्रीय बोशिया खिलाड़ी पूजा गुप्ता ने 10वीं सीनियर, जूनियर एवं सब-जूनियर राष्ट्रीय बोशिया चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देशभर के खिलाड़ियों के बीच अपनी श्रेष्ठता साबित की है। अहमदाबाद के वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित प्रतियोगिता में पूजा ने बीसी-4 व्यक्तिगत वर्ग में रजत तथा बीसी-4 युगल वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। व्यक्तिगत वर्ग में देश के विभिन्न राज्यों से आए 12 खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबलों में पूजा ने लगातार जीत दर्ज करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया और रजत पदक हासिल किया।

युगल वर्ग में पूजा का खेल और भी प्रभावशाली नजर आया। जतिन कुमार के साथ खेलते हुए पूजा ने अपनी टीम को लगातार जीत दिलाई और फाइनल मैच जीतकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। पूजा गुप्ता वर्ष 2020 से बोशिया खेल से सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं। सीमित संसाधनों और कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उन्होंने निरंतर अभ्यास और अनुशासन के बल पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। 10वीं राष्ट्रीय बोशिया चैम्पियनशिप का आयोजन बोशिया स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने गुजरात बोशिया संघ के सहयोग से किया, जिसमें देश के शीर्ष खिलाड़ियों ने भाग लिया। पूजा विश्व बोशिया चैलेंजर 2024 में बीसी-4 महिला व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक, प्रतियोगिता के मिक्स्ड पेयर्स में रजत पदक, वर्ष 2024 की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप ग्वालियर में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने के साथ पैरा एशियाई खेल 2023 चीन सहित हांगकांग, पोलैंड और इटली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। पूजा वर्तमान में पंजाब नेशनल बैंक में मुख्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं।

---

### स्केटिंग प्रतियागिता में उपविजेता रही सतीश स्कूल की टीम



रेवाड़ी। इंटर स्कूल स्केटिंग प्रतियोगिता में सतीश पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया है। खिलाड़ियों का स्कूल में पहुंचने पर स्वागत किया गया। स्कूल की प्राचार्या संगीता यादव ने बताया कि मंगलवार को वीआईपी स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल स्केटिंग प्रतियोगिता में स्कूल से छात्र गगन व मुकुल ने भाग लिया। दोनों खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। स्कूल के चेयरमैन अनिल रस्तोगी, प्रबंधक अजय यादव व प्राचार्या संगीता यादव ने खिलाड़ियों के साथ टीम प्रभारी सुमन लता व आरती सिंह को बधाई दी।

## घने कोहरे के कारण नेशनल हाइवे पर हुए दो दर्दनाक हादसे

# खड़े ट्रक में घुसा कैंटर, चालक की मौत, तीन गंभीर, लगा लंबा जाम





रेवाड़ी। हाइवे पर लगा जाम व मौजूद पुलिस टीम तथा सोमवार रात को छाया घना कोहरा। फोटो : हरिभूमि

### मौके पर पहुंची ईआरवी को इनोवा कार ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

सोमवार की रात सीजन का सबसे घना कोहरा छाया रहा। कई स्थानों पर कोहरे की दृश्यता लगभग शून्य रही। इससे दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर आसलवास के निकट सड़क किनारे खड़े ट्रक में कैंटर घुस गई। हादसे में कैंटर चालक की मौके पर मौत हो गई, जबकि कैंटर में सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी दौरान घटनास्थल पर खड़ी पुलिस की ईआरवी को एक इनोवा कार ने टक्कर मार दी। कार चालक भी हादसे में घायल हो गया। हाइवे पर हादसे के बाद काफी देर तक जाम लगा रहा। रात को आसलवास के पास एक ट्रक नेशनल हाइवे पर सड़क किनारे खड़ा था। कोहरे के कारण कैंटर चालक को ट्रक दिखाई नहीं दिया, जिससे कैंटर ट्रक में घुस गई। इस हादसे में कैंटर चालक राजस्थान के बहरोड़ निवासी मनोज की मौके पर ही मौत हो गई। क्लीनर और कैंटर में सवार एक अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना देते हुए कैंटर में फंसे लोगों को निकालने के प्रयास शुरू किए। ट्रक में कैंटर घुसने के बाद हाइवे का एक हिस्सा बाधित हो गया, जिससे वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। सूचना मिलने के बाद पुलिस की ईआरवी मौके पर पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने कैंटर में फंसे लोगों को बाहर निकवाकर अस्पताल पहुंचाया, जहां चालक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहनों से सड़क से हटवाने के बाद यातायात सुचारू कराया।

- कई स्थानों पर कोहरे की दृश्यता लगभग शून्य रही
- क्रेन की मदद से यातायात सुचारू कराया

### खाली ईआरवी में इनोवा कार घुसी

जिस समय पुलिस ईआरवी को सड़क किनारे खड़ी करने के बाद घायलों को निकलवाने और यातायात सुचारू कराने में लगी हुई थी, उसी समय एक इनोवा कार कोहरे के कारण ईआरवी में घुस गई। ईआरवी में कोई पुलिसकर्मी नहीं था, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। ईआरवी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इनोवा चालक भी हादसे में घायल हो गया। पुलिस ने इनोवा और ट्रक चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया।





रेवाड़ी। कार्यक्रम में जानकारी देते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

# आकांक्षी खंड नाहड़ में संपूर्णता अभियान 2.0 लांच, 14 अप्रैल को होगी समीक्षा

- 6 मानकों पर अगले अढ़ाई महीने में खरा उतरना है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली

आकांक्षी खंड नाहड़ को पूर्ण रूप से विकसित ब्लॉक बनाने के लिए डीसी अभिषेक मीणा ने भारत सरकार के नीति आयोग की ओर से शुरू किए गए संपूर्णता अभियान 2.0 को लांच किया। उन्होंने कहा कि पोषाहार, स्वच्छता एवं पशुपालन की दृष्टि से तय किए गए 6 मानकों पर अगले अढ़ाई महीने में खरा उतरना है। अभियान की 14 अप्रैल को फिर से समीक्षा की जाएगी, इसलिए अधिकारी और कर्मचारी ग्राम पंचायतों के सहयोग से मानकों का लक्ष्य शत-प्रतिशत हासिल करने के लिए एकजुटता से कार्य करें। नाहड़ विश्राम गृह परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डीसी मीणा ने कहा कि आकांक्षी खंड को विकसित ब्लॉक बनाने के लिए वैसे तो केंद्र सरकार के नीति आयोग ने 39 पैरामीटर निर्धारित किए हुए हैं, लेकिन संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत अभी उनमें से 6 पैरामीटर को ही पूरा करना है, जिसमें सबसे पहले नाहड़ ब्लॉक में 6 माह से 6 साल तक की आयु के सभी बच्चों को रोजाना पूरक पोषाहार दिया जाए। प्रत्येक बच्चे का रिकार्ड होना चाहिए, जिनको नियमित रूप से प्रतिदिन पोषण आहार दिया जा रहा है। छोटी आयु के बच्चे, तीन साल या इससे ऊपर के स्कूल जा रहे हैं, उनको नजदीकी आंगनबाड़ी सेंटर से समन्वय स्थापित कर शिक्षा विभाग की ओर से पोषाहार दिलाया जाएगा। डीसी ने जिला शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा को निर्देश दिए कि प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का विवरण लेकर उन्हें पोषाहार के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में भेजना सुनिश्चित करें।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि 6 माह से 6 साल तक की आयु में ही बच्चों को शारीरिक व मानसिक विकास होता है, इसलिए इस उम्र में बच्चों को जितना पौष्टिक आहार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी आयु वर्ग के बच्चों के कद व वजन का माप महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण ट्रैकर पर अपलोड होना चाहिए। इसके लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में मापन मशीनें ठीक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एडीसी राहुल मोदी सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल व शौचालय की व्यवस्था की जांच करेंगे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सीएमओ डा. नरेंद्र दहिया, डीडीपीओ एचपी बंसल, जिला शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डा. नसीब सिंह, बीडीपीओ अनिल यादव, डिप्टी डीईओ डा. राजेंद्र यादव, बीईओ सुरेश कास्वां, ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक आफताब अहमद, नाहड़ के सरपंच महेंद्र सिंह, भाकली के सरपंच श्याम सिंह, कोसली के सरपंच रामकिशन जांगड़ा व गुड़ियानी के सरपंच नरेंद्र कुमार सहित स्वयं सहायता समूह की कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी वर्कर तथा पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।





रेवाड़ी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता का स्वागत करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## छात्राओं को सरकारी व निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में जिला रोजगार कार्यालय की ओर से व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्या डा. ज्योति यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उप जिला रोजगार अधिकारी दिनेश तंवर ने शिरकत की। उन्होंने सरकारी व निजी क्षेत्रों में रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने वर्तमान समय की आवश्यकता को देखते हुए विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग एवं डाटा एनालिसिस तथा अन्य नवीन तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने छात्राओं को रोजगार कार्यालय में पंजीकरण कराने के लिए जागरूक किया तथा सरकार की ओर से चलाई जा रही सक्षम युवा स्कीम व रोजगार भत्ते की जानकारी दी।

### कुटुम्ब प्रबोधन पर संगोष्ठी का आयोजन

**कोसली।** कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में मंगलवार को कुटुम्ब प्रबोधन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के सह केंद्रीय मंत्री रास बिहारी ने कहा कि हिन्दू संस्कृति पूरे विश्व का कल्याण चाहती है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को अपनाकर सामजिक समरसता के लिए रामायण, श्रीमद्भगवत गीता व रामचरित मानस का स्वाध्याय करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीयता के गौरव को बढ़ाने व संस्कृति को समझने के लिए दुर्गा वाहिनी और मातृ शक्ति के लिए निर्धारित मार्ग पर चलकर ही हम स्वस्थ परिवार व समाज के माध्यम राष्ट्र निर्माण के भागीदार बन सकते हैं। डा. रमेश यादव ने कहा कि परिवार समाज की मूल इकाई है और इसके प्रबोधन से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

## निलंबित पटवारियों की बहाली की मांग एसोसिएशन का धरना दूसरे दिन भी जारी

*सरकार को जनहित में अपना यह फैसला तुरंत वापस लेना चाहिए*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



रेवाड़ी। धरने के दौरान नारेबाजी करते पटवारी व कानूनगो। फोटो : हरिभूमि

दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर जिला मुख्यालय पर पटवारियों का धरना दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। मुख्यमंत्री की ओर से निलंबित किए गए 6 पटवारियों की बहाली की मांग को लेकर जिले के समस्त पटवारी और कानूनगो 4 फरवरी तक तीन दिवसीय धरने पर बैठे हुए हैं, जिससे राजस्व संबंधी कार्यों पर असर पड़ने लगा है। तहसीलों में इंतकाल व फर्द के कार्य प्रभावित होने लगे है। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान बलजीत सिंह यादव ने की। जिला सचिव रणबीर सिंह पटवारी ने कहा कि 6 पटवारियों को बिना किसी ठोस कारण के निलंबित करना पूरी तरह से गलत और अनैतिक है। सरकार को जनहित में अपना यह फैसला तुरंत वापस लेना चाहिए। इस मौके पर धनराज जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ, सुमित्रा जिला सचिव, ईश्वर सिंह बोड़वाल जिला प्रधान नगरपालिका व पवन कुमार प्रधान सिंचाई विभाग ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि बहुत कम समय में पटवारियों से अत्यधिक कार्य लिया जाता है, बहाली नहीं हुई तो राज्य स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

मंगलवार को धरने पर राकेश कुमार गिरदावर,विजय गिरदावर, विक्रम सिंह, सुधीर, नितेश कुमार, राहुल, हेमन्त, स्नेहलता व ममता पटवारी सहित जिले के समस्त पटवारी एवं कानूनगो उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### सम्मेलन में महिलाओं को दी सुविधाओं की जानकारी

रेवाड़ी। केंद्रीय बजट के जन-कल्याणकारी प्रावधानों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के गांव खिजूरी में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में बीजेपी जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने शिरकत की। जिला सहसंयोजक नेहा शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री हिमांशु पालीवाल, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष विनिता पीपल व महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृपा जैमिनी भी उपस्थित रहीं। इस मौके पर डा. पोपली ने बजट के तकनीकी पहलुओं को महिलाओं के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का जेंडर बजट रिकॉर्ड 5 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिला नेतृत्व वाले विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अब शी-मार्ट के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को एक बड़ा ब्रांड और सीधा बाजार मिलेगा।



### कलाकारों ने सूरज कुंड मेले में किया नाटक का मंचन

रेवाड़ी। सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था भरतमुनि कला केंद्र ने अंतरराष्ट्रीय सूरज कुंड मेले में दिनेश भारती की ओर से लिखित व मदन डागर की ओर से निर्देशित नाटक 'राजा मास्टर ड्रामा कंपनी' का मंचन किया। संस्था के निदेशक मदन डागर ने बताया कि 'राजा मास्टर ड्रामा कंपनी' एक व्यंग्यात्म नाटक हैं, जिसका पिछले 2 वर्षों से संस्था विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में मंचन कर रही हैं। नाटक की कहानी एक ऐसे दर्जी राजा मास्टर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी टेलरिंग की दुकान बंद करके ज्यादा पैसे कमाने की चाह में एक ड्रामा कंपनी खोल लेता है। राजा मास्टर को यह भ्रम हो जाता है कि मंच पर नाटक करना आसान काम है। उसका शागिर्द दिलेनादन उसकी इस योजना में सहयोग करता है।



### रोहिंग्या का पता लगाने के लिए चलाया सर्च अभियान

रेवाड़ी। पुलिस व स्वैत टीम ने मंगलवार को थाना शहर व मॉडल टाउन क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से रहने वाले रोहिंग्या व बांगलादेशी नागरिकों का पता लगाने के लिए सर्च अभियान चलाया। पुलिस ने झुग्गी-झोपड़ियों, होटल, पोल्ट्री फार्म व अन्य संदिग्ध स्थानों पर संदिग्ध लोगों की जांच की। उन्होंने बाहरी श्रमिकों की जानकारी ली तथा उनके पहचान पत्र व वाहनों के कागजातों की भी जांच की। एसपीहेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले में अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं है। जिले में जो भी लोग बाहर से आकर रह रहे हैं, उनकी पहचान होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने पास काम करने वाले या किराए पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर कराएं। अगर भविष्य में कोई व्यक्ति ऐसा नहीं करता तो उसके खिलाफ भी पुलिस की ओर से कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



### दयालु-2 योजना में बेसहारा पशुओं के हमले से मृत्यु, दिव्यांगता या घायल होने पर मिलेगी आर्थिक सहायता

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना यानि दयालु-2 को लेकर मंगलवार को डीसी अभिषेक मीणा ने जिला स्तरीय कमेटी के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि दयालु-2 योजना का उद्देश्य बेसहारा पशुओं के हमले से मृत्यु, स्थाई दिव्यांगता या घायल होने पर पीड़ित या परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। योजना का लाभ तय मापदंडों के अनुसार पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए।

### गांधीधाम-भुज रेलखंड पर तकनीकी कार्य के कारण रेलसेवाएं प्रभावित

रेवाड़ी। रेलवे की ओर से गांधीधाम-भुज रेलखंड पर गांधीधाम ब्लॉक केबिन और आदिपुर स्टेशनों के मध्य तकनीकी कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि कार्य के कारण उत्तर-पश्चिम रेलवे की रेलसेवाएं आंशिक रद रहेंगी। गाड़ी संख्या 14321 बरेली-भुज रेलसेवा 4 फरवरी, 6, 8, 9 व 11 फरवरी को बरेली से प्रस्थान करके गांधीधाम तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा गांधीधाम-भुज के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 14322 भुज-बरेली रेलसेवा 5, 7, 8, 9 व 12 फरवरी को भुज के स्थान पर गांधीधाम से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14311 बरेली-भुज रेलसेवा 5, 7 व 10 फरवरी को बरेली से प्रस्थान करके गांधीधाम तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14312 भुज-बरेली रेलसेवा 6,10 व 11 फरवरी को भुज के स्थान पर गांधीधाम से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 20984 दिल्ली सराय-भुज रेलसेवा 4, 7 व 11 फरवरी को दिल्ली सराय से प्रस्थान करके गांधीधाम तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 20983 भुज-दिल्ली सराय रेलसेवा 6 व 10 फरवरी को भुज के स्थान पर गांधीधाम से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा भुज-गांधीधाम के मध्य आंशिक रद रहेगी।

### कंवाली स्कूल ने लीगल लिटरेसी के चार इवेंट में लहराया परचम



**जाटूसाना।** जिला विधिक साक्षरता अथॉरिटी के तत्वाधान में पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स सी. सै. स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता कार्यक्रम में कंवाली स्कूल ने चार विधाओं में बाजी मारी है। कंवाली स्कूल के प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया 18 विषयों के अंतर्गत 10 विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कंवाली स्कूल की छात्रा प्रतिभा ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, डॉक्यूमेंट्री फिल्म इवेंट में किंजल ने प्रथम, भाषण प्रतियोगिता में नाजुक ने द्वितीय तथा डिबेट में मनप्रीत व मुस्कान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि डीईओ बिजेंद्र हुड्डा ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया। लीगल लिटरेसी इंचार्ज प्रदीप कुमार व सुमेर सिंह पने बताया कि गत 2 वर्षों से कंवाली स्कूल लीगल लिटरेसी कार्यक्रम की विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। स्कूल से शिक्षक मिथिलेश कुमारी, अनिल कुमार, राम सिंह, श्रीभगवान, सुनीता देवी, पिंकी, पूजा यादव, अदिति, करण सिंह, किरण कुमारी, दीपिका, विजेंद्र बाबू, सोनू, राकेश कुमार, दिनेश कुमार, राकेश, जीतू यादव व उपनिष ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**राजनीति** | जिलाध्यक्षों को चाहिए पसंदीदा ब्लॉक अध्यक्ष

# कांग्रेस में अंदरखाने सुलग रही असंतोष की चिंगारी, अधर में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति

- एक वरिष्ठ नेता अपने चहेतों को करना चाहते हैं एडजेस्ट, जिलाध्यक्ष अपने स्तर पर चाह रहे ब्लॉक प्रधानों की नियुक्ति

नरेन्द्र वत्स ▸▸| रेवाड़ी



कैप्टन अजय सिंह



राव नरेंद्र सिंह



सुभाष छावड़ी



प्रवीन चौधरी

लगभग एक दशक बाद कांग्रेस भले ही जिलाध्यक्षों की नियुक्ति करते हुए संगठन खड़ा करने में कामयाब हो गई, परंतु ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति का मामला अंदरखाने चल रही गुटबाजी के कारण लटका हुआ है। ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर एक सीनियर नेता जहां अपने चहेतों को एडजेस्ट करना चाहते हैं, तो जिलाध्यक्ष पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं के नाम शीर्ष नेतृत्व को भेज चुके हैं। प्रदेश कांग्रेस की ओर से बीते दिनों सुभाष छावड़ी को ग्रामीण और प्रवीन चौधरी को शहरी जिलाध्यक्ष बनाया गया था। पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने दोनों की नियुक्ति पर प्रसन्नता इस कदर जाहिर की थी कि दोनों उन्हीं कि आशीर्वाद से जिलाध्यक्ष बने हैं। कांग्रेस में पर्दे के पीछे की कहानी कुछ और ही नजर आ रही है। ग्रामीण जिलाध्यक्ष भले ही कैप्टन अजय सिंह यादव के करीबी माने जाते हों, परंतु हकीकत यह है कि व पूर्व सीएम चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा व उनके बेटे दीपेंद्र हुड्डा से भी उतनी ही करीबियां रखते हैं। कैप्टन और हुड्डा के बीच राजनीतिक रूप से छत्तीस का आंकड़ा होने के बावजूद ग्रामीण जिलाध्यक्ष 'सबके साथ' चलने की नीति पर आगे बढ़ रहे हैं। ठीक इसी तरह कैप्टन के खास माने जाने वाले प्रवीन चौधरी खुलकर यह बात स्वीकार नहीं करते कि उन्हें शहरी जिलाध्यक्ष का पद कैप्टन की बदौलत मिला है। उनके वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कुमारी सैलजा के साथ पुराने पारिवारिक संबंध हैं। हुड्डा के साथ मतभेदों के बावजूद कैप्टन की ओर से कुमारी सैलजा को खास महत्व नहीं दिया गया है। कैप्टन खुद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शुमार हैं, लेकिन कुछ समय से उन्हें पार्टी में उपेक्षित भी रखा हुआ है।

जानकार सूत्रों के मुताबिक दोनों जिलाध्यक्ष अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले ब्लॉकों में पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं को ही अध्यक्ष पद देने के पक्षधर हैं, ताकि ब्लॉक लेवल पर पार्टी को मजबूत बनाया जा सके। इसके लिए उन्होंने पैनल में दो-दो नाम भी भेजे हुए हैं, लेकिन कैप्टन इन पदों पर अपने पुराने समर्थकों को आसीन करना चाहते हैं, ताकि कम से कम रेवाड़ी हलके में उनका दबदबा कायम रह सके। वह इस हलके में लगातार 6 बार विधायक रहने का रिकार्ड भी बना चुके हैं।

### कैप्टन से नहीं कोई नाराजगी

कैप्टन अजय सिंह यादव पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। पिछले दिनों ही उनका फोन भी आया था। उनके साथ नाराजगी जैसी कोई बात नहीं है। जहां तक ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति का सवाल है, इसके लिए ग्राउंड लेवल पर कार्य किया जा रहा है। पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं को ही ब्लॉक स्तर की कमान सौंपी जाएगी।

-राव नरेंद्र सिंह, प्रदेशाध्यक्ष, कांग्रेस।